पंजीकृत संख्या 72/54–55 ।। वन्दे मातरम्।। Tel. 0141-2377799
Web site: www.rssrashtriya.org E- mail: rss.rashtriya@gmail.com

राजस्थान शिक्षक संघ (राष्ट्रीय)

कार्यालय : 82, पटेल कॉलोनी, गवर्नमेन्ट प्रेस के पास, सरदार पटेल मार्ग, जयपुर–302001
संरक्षक : सर्वश्री नानक कुन्दनानी, संतोष चन्द्र सुराणा, चौथमल सनाढ्य, राजनारायण शर्मा, महावीर प्रसाद सिंहल
(Regd. & Recognised by Govt. & Affiliated to ABRSM, AIPTF, AISTF, E.I. & RRKM)

सम्पत सिंह	देवलाल गोचर	प्रहलाद शर्मा	अरविन्द व्यास
अध्यक्ष	सभाध्यक्ष	संगठन मंत्री	महामंत्री
मो. 94133–44625	मो. 94144–03756	मो. 94140–56109	मो. 94143–96596

प्रेस विज्ञप्ति

शिक्षकों को विद्यालय में उपस्थित होने की बाध्यता से मुक्त रखने की मांग

जयपुर, 21 मार्च 2020। कोरोना वायरस प्रकोप ने वैश्विक महामारी का रूप ले लिया है तथा सम्पूर्ण देश में कोरोना के कारण भयावह स्थिति बनी हुई है। राजस्थान राज्य भी इससे अछूता नहीं है तथा प्रतिदिन संक्रमित प्रकरणों की संख्या बढ़ती जा रही है। केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा इसकी रोकथाम करने तथा संक्रमण को रोकने के प्रभावी प्रयास किये जा रहे हैं। राजस्थान के मुख्य सचिव द्वारा कोरोना वायरस प्रकोप का सामना करने हेतु दिशा-निर्देश जारी किये हैं मगर शिक्षा विभाग द्वारा उनकी अक्षरशः पालना नहीं की जाकर मनमाने आदेश प्रसारित किये जा रहे हैं शिक्षा विभाग के इन आदेशों का राजस्थान शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) ने विरोध किया है।

संगठन के अध्यक्ष सम्पत सिंह ने बताया कि राज्य में 30 मार्च तक विद्यालयों में छात्रों का अवकाश घोषित हो चुका है तथा बोर्ड सहित समस्त परीक्षायें स्थगित की जा चुकी है मगर अध्यापकों की उपस्थिति अनिवार्य की गई है। संपूर्ण राज्य में धारा 144 भी लगाई गई है तथा कोरोना महामारी के चलते देश के प्रधानमंत्री एवं राज्य के मुख्यमंत्री द्वारा सामाजिक व्यवहार से बचने की निरन्तर अपील की जा रही है। राज्य के अधिकांश विद्यालयों के स्थित स्थान पर समुचित आवास की व्यवस्था न होने के कारण अधिकांश शिक्षक प्रतिदिन अपने निवास से आवागमन करने हेतु सार्वजनिक परिवहन के साधनों का एवं समूह में कोई गाड़ी किराये पर लेकर विद्यालय आने-जाने की व्यवस्था के कारण संक्रमण का खतरा काफी बढ़ जाता है। इसको ध्यान में रखकर संगठन ने मुख्यमंत्री को पत्र भिजवाकर मांग की है कि मुख्य सचिव के दिशा निर्देशों की शिक्षा विभाग में भी पालना करवाई जाये।

संगठन के महामंत्री अरविन्द व्यास ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया है कि निदेशक माध्यमिक शिक्षा ने आदेश जारी कर विद्यालय में उपस्थित शिक्षकों को शाला-दर्पण का कार्य सम्पादित करने तथा एक पुस्तक पढ़कर उसकी समीक्षा लिखकर भिजवाने के आदेश प्रसारित किये है। उक्त कार्यो को शिक्षक अपने आवास पर सहकर भी सम्पादित कर सकते हैं। आज उदयपुर, भरतपुर, अजमेर व दौसा सहित कई जिला शिक्षा अधिकारियों द्वारा समुचित प्रशिक्षण एवं सुरक्षा के समुचित उपायों के बिना आनन-फानन में अचानक आदेश जारी कर शिक्षकों को सामुदायिक सर्वे कार्य में लगा दिया गया है जबकि माननीय प्रधानमंत्री एवं माननीय मुख्यमंत्री द्वारा अनावश्यक सामाजिक व्यवहार से बचने की निरन्तर अपील की जा रही है।

संगठन के अतिरिक्त महामंत्री महेन्द्र लखारा ने कहा कि एक उत्तरदायी संगठन होने के कारण राष्ट्रीय आपदा के इस अवसर पर राज्य सरकार के साथ हरसंभव सहयोग हेतु संगठन के कार्यकर्ता तत्पर है। कोरोना वायरत की इस बीमारी की प्रकृति को देखते हुए वर्तमान सूचना प्रौद्योगिकी के युग में विभाग के शिक्षक अपने निवास पर रहते हुए अपने छात्रों एवं अभिभावकों से प्रतिदिन मोबाईल के माध्यम से सम्पर्क कर इस वैश्विक महामारी के सम्बन्ध में राज्य सरकार द्वारा उठाये जा रहे कदमों की जानकारी देकर तथा व्यक्तिगत स्वच्छता उपाय अपनाने एवं अनावश्यक सामाजिक व्यवहार से बचने हेतु प्रेरित कर सकते है। विशेष आवश्यकता होने पर शिक्षकों से अन्य किसी प्रकार का सहयोग अपेक्षित हो तो पूर्व में उन्हें समुचित प्रशिक्षण देकर एवं पर्याप्त संसाधन उपलब्ध कराकर सहयोग लेने पर हरसंभव सहयोग देने हेतु तत्पर है।

सादर प्रकाशनार्थ ।

(ताराशंकर शर्मा)
प्रदेश मीडिया प्रभारी
राजस्थान शिक्षक संघ (राष्ट्रीय)